शुक्रवार
नालन्दा, 15.08.2025
नालन्दा का नं0-1 अखबार
अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा
पेज-01 वर्ष:1, अंक:192
www.apnanalanda.com




## डीएम ने समाहरणालय से हर घर तिरंगा रैली को किया रवाना

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। गुरुवार को नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से हर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलेभर में इस अभियान के तहत प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, तिरंगा मेला, कार्यशाला, प्रदर्शनी, सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा थीम आधारित लाइटिंग, तथा तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें आमजन, विशेषकर युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। अभियान को सफल बनाने में शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग, जीविका, खेल विभाग सहित कई संस्थाएं सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। रैली में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, निदेशक डीआरडीए , जीविका परियोजना प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन शामिल हुए।



जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से हर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## नगरनौसा में एनडीए कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर दी देशभक्ति का संदेश

अपना नालंदा संवाददाता

नगरनौसा। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को नगरनौसा में एनडीए कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा से हुई और प्रखंड कार्यालय परिसर में समापन हुआ। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रसाद ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि अस्मिता, एकता और त्याग का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों से मिली आजादी की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अभय नंद पांडेय ने कहा कि इस अभियान से



देशभक्ति की भावना नई पीढ़ी तक पहुंचेगी और सभी को 15 अगस्त को पूरे जोश के साथ तिरंगा फहराना चाहिए। यात्रा में कैला जदयू पंचायत अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अतिपिछड़ा सत्येंद्र ठाकुर, भाजपा महामंत्री अमरजीत सिंह, प्रणव देव, कमलेश मांझी, हीरालाल यादव, पंचायत अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## दिव्यांगजन और वृद्धजन की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य: सांसद कौशलेंद्र कुमार



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। गुरुवार को नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राजगीर प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के बीच सहायक यंत्र और उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर राजगीर के विधायक कौशल किशोर, जदयू जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद और प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अलीम को के मैनेजर मनीष पांडे ने किया। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से संचालित हो रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लाभ नालंदा सहित पूरे बिहार को मिल रहा है, और राज्य के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में फोल्डिंग व्हीलचेयर, वॉकर, वाकिंग स्टिक, कृत्रिम दांत, घुटने व कमर के बेल्ट, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, कान की मशीन, बैसाखी और सिलिकॉन कुशन जैसे उपकरण वितरित किए गए। विधायक कौशल किशोर ने कहा कि ये उपकरण दिव्यांग और वृद्धजनों के दैनिक जीवन में मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम में नगर परिषद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



परविन्दर इन्टरप्राइजेज
की ओर से आप सभी जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ।
परविन्दर इन्टरप्राइजेज द्वारा किये गये कार्य
चौर बिगहा गांव में माँ देवी मंदिर का जीर्णोधार।
पपरनौसा गांव में जगदम्बा स्थान परिसर में सूर्य मंदिर का निर्माण।
पपरनौसा गांव में जगदम्बा स्थान परिसर में तालाब का जीर्णोधार।
चौरा बिगहा गांव में महादेव मंदिर का निर्माण।
2024-25 श्रावणी मेला के दौरान सुल्तानगंज-देवघर कांवरिया पथ, बांका जिला के कटोरिया में नि:शुल्क
नालन्दा कांवरिया सेवा शिविर के माध्यम से कांवरियों की सेवा कार्य।
पपरनौसा गांव में सिल्वर कप क्रिकेट टुर्नामेन्ट का सफल आयोजन।
सरदार पटेल स्टेडियम नूरसराय में भव्य क्रिकेट मैच का आयोजन।
प्रवीण कुमार
अरविन्द कुमार सिन्हा
निर्देशक परविन्दर इन्टरप्राईजेज
चोरबिगहा, नूरसराय
हमारा उद्देश्य गरीब, असहाय
एवं बेरोजगार को मदद करना
नूरसराय प्रखण्ड वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ।
जियाउल हक
बी.डी.ओ, नूरसराय
दिपक कुमार
सी.ओ, नूरसराय
अमरेन्द्र कुमार (पप्पु मुखिया)
मुखिया पपरनौसा पंचायत
अन्नु सिंह मुखिया
चण्डासी पंचायत

# राजस्व महा-अभियान की तैयारी पूरी: 16 अगस्त से शुरू होगा पंचायत स्तर पर विशेष शिविर




संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। गुरुवार को जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में 16 अगस्त 2025 से 20 सितम्बर 2025 तक चलने वाले राजस्व महा-अभियान की सफल आयोजन हेतु पूर्व तैयारी पर समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि आज ही पंचायत सरकार भवन या अन्य सरकारी भवनों में हल्कावार विशेष शिविर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही 16 अगस्त को सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी समय पर विशेष शिविर में उपस्थित रहें।

**घर-घर पहुंचेगी राजस्व टीम**

16 अगस्त से 15 सितम्बर तक राजस्व कर्मी लोगों के घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र पहुंचाएंगे। यदि भूमि संबंधी दस्तावेजों में नाम, पिता का नाम, खाता-खेसरा, रकबा, लगान या अन्य किसी प्रकार की त्रुटि है, अथवा जमाबंदी अभी भी पूर्वजों के नाम पर है, तो अब इसका समाधान मिलेगा।

**इन समस्याओं का होगा समाधान**

ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन)
उत्तराधिकार नामांतरण
बंटवारा नामांतरण (पारिवारिक हिस्सेदारी)
गैर-डिजिटाइज्ड जमाबंदी को ऑनलाइन कराना

**पंचायत स्तर पर विशेष शिविर**

16 अगस्त से 20 सितम्बर तक पंचायत सरकार भवन या अन्य सरकारी भवन में हल्कावार विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों द्वारा भरे गए आवेदन प्रपत्र जमा किए जाएंगे।

अधिक जानकारी के लिए https://biharbhumiplus.bihar.gov.in/mah/ पर जाएं और राजस्व विभाग के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

इस अवसर पर नगर आयुक्त, बिहारशरीफ, उप विकास आयुक्त, नालंदा, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और राजस्व पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।







# नालंदा भाजयुमो ने भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) नालंदा द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विकास कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में यात्रा की शुरुआत श्रम कल्याण मैदान से हुई, जो अम्बर चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, मछली मंडी, नाला रोड होते हुए कारगिल चौक पर संपन्न हुई। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर हमें देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने का आह्वान किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार कुशवाहा ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है और इस यात्रा के माध्यम से नालंदा में देशभक्ति का संदेश दिया गया। कारगिल चौक पर शहीद सैनिकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा और युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।









# बिहारशरीफ में मनोज कुमार तांती ने वार्ड 42 और 35 में चलाया जनसंपर्क अभियान

संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। 172 बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी मनोज कुमार तांती ने गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 42 और 35 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करने का आश्वासन दिया।



मनोज कुमार तांती ने कहा कि जनता से सीधे संवाद करना ही उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि जनता की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझे बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने मोहल्ले की सड़कों, जलनिकासी, पेयजल, बिजली आपूर्ति और स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर लोगों से विस्तार से चर्चा की। जनसंपर्क अभियान में उनके साथ रौशन वर्मा, राजेश कुमार यादव, नीतीश कुमार, स्वदेशी चौहान, राजू ताती, अमृत ताती, शंकर पासवान, राजू रविदास, राज रविदास, राजू सिंह, अरमान खान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। मोहल्लेवासियों ने उनका स्वागत किया और अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं। मनोज तांती ने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के लिए विशेष योजनाएं लागू करेंगे। उनका उद्देश्य बिहारशरीफ को एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकासशील शहर बनाना है।

# नालंदा के तीन अनुमंडलों में शुरू हुआ ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन केंद्र

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नालंदा जिले के बिहारशरीफ, हिलसा और राजगीर अनुमंडल मुख्यालयों में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर आम नागरिकों को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।



निर्धारित कर्मी मतदाताओं को मॉक पोल के माध्यम से ईवीएम और वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली समझा रहे हैं, ताकि वे वास्तविक मतदान के समय पूरी तरह निपुण रहें। यहां आने वाले लोग स्वयं मशीन पर वोट डालकर देख सकते हैं और प्रक्रिया से परिचित हो सकते हैं। इन डेमोंस्ट्रेशन केंद्रों का उद्देश्य आम मतदाताओं को पारदर्शी और सुरक्षित मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। इससे चुनाव के समय मतदाताओं में भ्रम कम होगा और भागीदारी बढ़ेगी।









# नालंदा कन्या आवासीय विद्यालय में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न, छात्राओं में जागरूकता बढ़ी




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय, नालंदा में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय की सभी छात्राओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें विशेष रूप से शारीरिक जांच, पोषण स्तर और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का आकलन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री ओम प्रकाश चौबे, वरीय शिक्षक श्री अभिषेक कुमार सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने स्वास्थ्य परीक्षण प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्राचार्य श्री चौबे तथा विज्ञान शिक्षिका श्रीमती अंजलि कुमारी ने छात्राओं को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त भी बनाते हैं। विद्यालय के शिक्षक श्री अरुण कुमार गोंड, श्री शुभम सिंह, श्रीमती सुमन, तोनिमा झा और श्वेता कुमारी ने इस पहल की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे। आज शिविर का दूसरा और अंतिम दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।









# नालंदा कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर में दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न, अगली पीढ़ी की तकनीकों से फसल उत्पादकता बढ़ाने पर जोर

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु

नूरसराय (अपना नालंदा)। नालंदा कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर (NCOH), नूरसराय में 13 और 14 अगस्त 2025 को "उद्यानिकी में नवाचारः अगली पीढ़ी की तकनीकों द्वारा फसल उत्पादकता में वृद्धि" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देना, अनुसंधानकर्ताओं और वैज्ञानिकों के साथ ज्ञान का आदान-प्रदान करना तथा जलवायु सहनशील तकनीकों के विकास पर बल देना था। उद्घाटन सत्र

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और NCOH के छात्रों द्वारा स्वागत गीत से हुई।

मुख्य अतिथि डॉ. पी. के. सिंह (पूर्व एसोसिएट डीन सह प्राचार्य, NCOH), गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. अरविंद कुमार चौधरी (प्रधान वैज्ञानिक, ICAR-RCER, पटना) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. शंभु प्रसाद (संयुक्त सचिव, BAUAAS, BAU सबौर) और डॉ. रूबी रानी (कोषाध्यक्ष, BAUAAS, BAU सबौर) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रणधीर कुमार (एसोसिएट डीन सह प्राचार्य, NCOH) और आयोजन सचिव डॉ. धर्मशीला ठाकुर ने किया।

देशभर से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और 200 से अधिक शोध सार-संग्रह प्राप्त हुए। वक्ताओं ने प्रिसीजन फार्मिंग, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल हॉर्टिकल्चर, जीनोमिक उपकरणों के उपयोग और किसानों के लिए तकनीकों के अनुशंसा पर जोर दिया।



तकनीकी सत्र – प्रथम दिवस (13 अगस्त)

पहले दिन दो तकनीकी और एक प्रायोगिक सत्र आयोजित हुए। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. अरविंद कुमार चौधरी (दलहनी सब्जियों में आनुवंशिक उत्थान), डॉ. बी. फक्रुद्दीन (टमाटर में मार्कर डिस्कवरी व जीनोम मैपिंग), डॉ. सिद्धार्थ तिवारी (केले में जैव प्रौद्योगिकी आधारित सुधार), डॉ. शशांक शेखर सोलंकी (सस्टेनेबल आलू बीज उत्पादन) और डॉ. राजीव पद्भूषण (मृदा एवं फसल आधारित अनुसंधान में मेटा एनालिसिस) शामिल रहे।

प्रायोगिक सत्र में प्रतिभागियों को पौधों से जीनोमिक डीएनए निष्कर्षण की विधि सिखाई गई।

तकनीकी सत्र – द्वितीय दिवस (14 अगस्त)

दूसरे दिन डॉ. उपेंद्र कुमार (CRRI बायोफर्टिलाइज़र मॉडल), डॉ. रूपेश देशमुख (टमाटर में जीनोम एडिटिंग), डॉ. अनुराधा चेल्लैया (जीनोम संपादन द्वारा केले में सुधार), डॉ. अवधेश पाल, डॉ. सरीता नाहाकपम और डॉ. रवि केसरी ने अपने शोध प्रस्तुत किए।

मुख्य विषयों में फलों के पकने की आणविक प्रक्रिया, ठंड से बचाव हेतु ब्रैसिनोस्टेरॉइड्स का उपयोग (आम में), तथा कृषि-उद्यानिकी फसलों में सतत विकास के उपाय शामिल थे।

प्रायोगिक सत्र में SSR मार्कर के प्रयोग से PCR एम्प्लीफिकेशन की विधि सिखाई गई।

समापन सत्र

समापन सत्र का संचालन डॉ. अचिन कुमार ने किया। सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। निष्कर्ष के रूप में यह माना गया कि अगली पीढ़ी की तकनीकों का समावेश उद्यानिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है, जिससे किसानों की आमदनी और फसल उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

कार्यशाला शोधकर्ताओं, छात्रों और किसानों के लिए एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक मंच सिद्ध हुई, जिसने आधुनिक कृषि तकनीकों की गहरी समझ प्रदान की और सतत विकास की दिशा में नए अवसर खोले।



# थरथरी में समृद्धि परियोजना के तहत मुखिया उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न, बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर

अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी। समृद्धि परियोजना के तहत बालिका शिक्षा पर केंद्रित ग्राम पंचायत मुखिया उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को थरथरी सामुदायिक भवन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को विकसित भारत के लक्ष्य में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूक करना और महिलाओं के लिए अनुकूल माहौल बनाकर उनकी भागीदारी को अधिकतम करना था।

सत्र 1 – प्रेरणादायक कहानियों से महिला सशक्तिकरण

कार्यक्रम की शुरुआत पिरामल फाउंडेशन की प्रोग्राम लीडर नीरू कुमारी ने परिचय सत्र से की, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने जीवन की किसी प्रेरणादायक महिला के बारे में साझा किया। नीरू कुमारी ने अपनी माता जी की प्रेरक कहानी सुनाई, वहीं रितिका पंत ने अपनी कॉलेज प्रोफेसर के संघर्ष और सफलता का उल्लेख किया। गांधी फेलो मोहित पाठक ने अपनी बड़ी बहन को आदर्श बताया। थरथरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आनंद मोहन ने अपनी पत्नी को प्रेरणा स्रोत बताया, जबकि बड़ी चारीयारी पंचायत के मुखिया ने अपनी मां और पत्नी दोनों को श्रेय दिया। थरथरी पंचायत की मुखिया ने भावुक होकर अपनी सासू मां के सहयोग की चर्चा की। जैतपुर पंचायत के मुखिया सुनील चौधरी और कचहरिया के मुखिया ने अपनी माताओं को आदर्श बताया। महिला पर्यवेक्षक रजनी कुमारी ने पूर्व सीडीपीओ को अपना प्रेरणास्रोत बताया।

सत्र 2 – महिला श्रम भागीदारी और शिक्षा पर विमर्श

इस सत्र में नीरू कुमारी ने महिला श्रम भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए विभिन्न देशों के उदाहरण प्रस्तुत किए। गांधी फेलो ईश्वर पाल ने बताया कि महिला शिक्षा और रोजगार के माध्यम से भारत का सकल घरेलू उत्पाद (G D P) कैसे बढ़ सकता है।



मुखियाओं ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और पंचायत स्तर पर बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सत्र 3 – 'प्रिया' की कहानी और जमीनी पहल

'प्रिया' नामक बच्ची की कहानी के आधार पर थरथरी पंचायत की मुखिया ने बताया कि कैसे उन्होंने व्यक्तिगत पहल कर बच्चियों के नामांकन में मदद की। बीडीओ गौरी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि लड़कियों की शिक्षा में सभी को सहयोग करना चाहिए, ताकि वे भविष्य में अधिकारी बनकर समाज का नेतृत्व कर सकें। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकित कराने की बात कही और दृष्टिबाधित छात्राओं के संघर्ष और सक्रियता का उदाहरण देकर बेटियों की क्षमता को रेखांकित किया।

ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम (GPPFT) पर बल

बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में GPPFT की बैठक नियमित रूप से होनी चाहिए, जिसमें PRI सदस्य, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका और विद्यालय के शिक्षक शामिल हों, ताकि बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और ड्रॉपआउट रोकथाम पर समन्वित कार्य किया जा सके।

कार्यक्रम में उपस्थिति

इस एक दिवसीय कार्यक्रम में बीडीओ गौरी कुमारी, श्रम कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार, महिला पर्यवेक्षक रजनी कुमारी सहित कई पंचायत मुखिया – अनिता कुमारी, आनंद मोहन, सुनील चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, अरुण सिंह और सचिव प्रियांशु कुमार, मनीष कुमार उपस्थित रहे। पिरामल फाउंडेशन की ओर से नीरू कुमारी (प्रोग्राम लीडर), गांधी फेलो रितिका पंत, ईश्वर पाल और मोहित पाठक ने सहभागिता की।



# इनर व्हील क्लब ने बच्चियों को गुड टच-बैड टच और आत्मरक्षा के गुर सिखाए




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। गुरुवार को इनर व्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ की ओर से कमरुद्दिनगंज स्थित आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय में बच्चियों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. ममता कौशांबी ने बच्चियों को समझाया कि यात्रा के दौरान या कहीं भी किसी के स्पर्श को पहचानना और उसके प्रकार को समझना क्यों जरूरी है। क्लब की कोषाध्यक्ष एवं प्राचार्या सुनीता सिंह और पूर्व अध्यक्ष मंजू प्रकाश ने भी इस विषय पर जानकारी दी और बच्चियों को सतर्क रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट की जानकारी भी दी गई। नेशनल रेफरी और मार्शल ट्रेनर राजेश राज ने डेमो देकर बताया कि खुद को कमजोर न समझें और किसी भी स्थिति में डटकर मुकाबला करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि जहां भी जरूरत होगी, वे निःस्वार्थ सेवाएं प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मंजू प्रकाश, रचना दिनेश, अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव कुमारी रश्मि, उपाध्यक्ष शोभा रानी, सदस्य अनीता रानी और रूबी वर्मा मौजूद रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।







सभी देशवासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
आइये देश के लिये अपना सर्वस्व
अर्पण कर देने वाले आजादी के महान
नायकों को मिलकर नमन करें।
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हरनौत


समस्त नेहुसा पंचायत वासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
आइये देश के लिये अपना सर्वस्व
अर्पण कर देने वाले आजादी के महान
नायकों को मिलकर नमन करें।
मिथुन कुमार
प्रतिनिधि, पसंस, नेहुसा


सभी देशवासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
आइये देश के लिये अपना सर्वस्व
अर्पण कर देने वाले आजादी के महान
नायकों को मिलकर नमन करें।
सीमा कुमारी
सीडीपीओ, हरनौत


समस्त नागरिकों को
79वीं स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं!
रौशन कुमार
जिला अध्यक्ष आजाद समाज
पार्टी कांशीराम नालंदा

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## सोगरा वक्फ इस्टेट, लहेरी, बिहारशरीफ

**समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं!**
**हम सभी किरायेदारों से अपील करते हैं कि**

**आप अपने-अपने जिम्मे का बकाया किराया का भुगतान अत्यंत शीघ्र करें,**
तांकि सोगरा वक्फ इस्टेट की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

**महत्वपूर्ण सूचना:**
सभी किरायेदार अपने मकान एवं दुकानों का एग्रीमेंट अतिशीघ्र करा लें,
अन्यथा इसकी सूचना बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, पटना को भेज दी जाएगी।

निवेदक
सैय्यद सैफ उद्दीन फिरदौसी – अध्यक्ष, हाजी मोख्तारुल हक – मोतवल्ली
सैय्यद ज़ैद अहमद– नाएब अव्वल



# राजगीर में एशिया कप हॉकी 2025 की तैयारी को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। गुरुवार को नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आगामी एशिया कप हॉकी (पुरुष) चैंपियनशिप 2025 की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि राजकीय खेल अकादमी, राजगीर में 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बैठक में डीएम ने खिलाड़ियों के आवागमन, यातायात, आवासन, खानपान, पार्किंग, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, एक्स-रे मशीन, दर्शक दीर्घा, हेल्प डेस्क, साफ-सफाई, अग्निशमन, भीड़ नियंत्रण, प्रचार-प्रसार और नियंत्रण कक्ष सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की हों, ताकि प्रतिभागियों और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित जिला स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित रहे।





